# हिन्दी

**(दूर्वा) (पाठ - 8) (सूर्यबाला - सस्ते का चक्कर)**
**(कक्षा 8)**

**प्रश्न 1:**

पाठ से

**(क)**
नरेंद्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?
**(क)**
चूरन, चुस्की और आइस्क्रीम को लेने में नरेन्द्र के सारे पैसे खत्म हो गए।

**(ख)**
अजय ने नरेंद्र को क्या और क्यों समझाया?
**(ख)**
अजय ने नरेन्द्र को समझाते हुए कहा कि लाली पॉप बेचने वाला या तो कहीं से इसे चुराकर लाया है या ये खराब है तभी इतनी सस्ती बेच रहा है।

**(ग)**
अजय के अन्य दोस्तों ने नरेंद्र के बारे में क्या कहा और क्यों?
**(ग)**
अजय के अन्य दोस्तों अजय से नरेंद्र के बारे में समझाते हुए कहा कि वह अच्छा लड़का नहीं है। वह क्लास में भी नहीं आता है और उसे बाहर का खाने की आदत भी है।

**प्रश्न 2:**

क्या होता?

**(क)**
अगर नरेंद्र के पास फीस के पैसे न होते?
**(क)**
अगर नरेन्द्र के पास पैसे ना होते तो वह लॉलीपाप वाले के पास नहीं जाता।

**(ख)**
अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता कि इस आदमी से लॉलीपाप लेना बिल्कुल ठीक नहीं।
**(ख)**
अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता तो न ही वह बदमाशों के झांसे में आता और न हीं उसका अपहरण होता।

**(ग)**
अगर अजय तीसरे लड़के की यह बात मान लेता कि अरे तू घर जा नरेंद्र को जानता नहीं?
**(ग)**
अगर अजय तीसरे लडके की यह बात मान लेता तो न ही वह नरेन्द्र से मिलता और न ही बदमाश पकड़े जाते वे भाग जाते।

**(घ)**
अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती?
**(घ)**
अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती तो नरेन्द्र के लोलिपॉप वाले के पीछे जाने की बात उसे पता ही न चलती और वह उसे बचा नहीं पाता।

**प्रश्न 3:**

विश्वास और डर

"नरेंद्र जरा शरारती है न इसी से डर लग रहा है।"

**(क)** नरेंद्र की माँ रेखा अजय की माँ से ऐसा क्यों कहती है?

**(ख)** नरेंद्र में ऐसा कौन-सा गुण होता जिससे उसकी माँ नहीं डरती और अजय की माँ से यह नहीं कहती कि नरेंद्र जरा शरारती है।

**(ग)** "घबराइए नहीं, रेखा जी-देखिए मेरा बेटा भी तो है लेकिन अजय पर तो मुझे पूरा विश्वास है", अजय की माँ नरेंद्र की माँ से ऐसा क्यों कहती है?

**उत्तर 3:**

**(क)** काफी देर हो गयी थी तथा नरेंद्र एवं अजय स्कूल से घर नहीं पहुँचे थे। नरेंद्र की माँ रेखा अजय की माँ से ऐसा इसलिए कहती है क्योंकि नरेंद्र के शरारती स्वभाव के कारण उसे नरेंद्र पर भरोसा नहीं था।

**(ख)** नरेंद्र का चंचल और शरारती होना ही उसकी माँ के लिए परेशानी का सबब है। इसलिए वह अजय की माँ से कहती है कि नरेंद्र जरा शरारती है।

**(ग)** अजय की माँ नरेंद्र की माँ से ऐसा इसलिए कहती है क्योंकि अजय भी अभी तक घर नहीं पहुँचा था। हो सकता है दोनों स्कूल में ड्रामें की प्रैक्टिस कर रहे हों।

**प्रश्न 4:**

सैर-सपाटा, खेल-तमाशा

पढ़ने-लिखने या अन्य काम करने के लिए भी अच्छे स्वास्थ्य का होना जरूरी है। इसलिए लोग सैर-सपाटा और खेल-तमाशे पर भी ध्यान देते हैं।

अब तुम बताओ कि

**(क)** तुम या तुम्हारे दोस्त सैर-सपाटे के लिए क्या-क्या करते हैं?

**(ख)** तुमने अब तक जिन-जिन खेल-तमाशों में भाग लिया है या उसे देखा है, उसकी सूची बनाओ।

**उत्तर 4:**

**(क)** मैं और मेरे दोस्त छुट्टी के दिन सुबह-सुबह सैर-सपाटे के लिए निकलते हैं।

**(ख)** छात्र इस प्रश्न का उत्तर स्वयं लिखें। अब तक आपने जिन-जिन खेल-तमाशों में भाग लिया है या उसे देखा है, उसकी सूची बनाओ।

**प्रश्न 5:**

बनाना

"मैने सोचा मम्मी तो रोज मुझे चाय-नाश्ता कराती है, आज मैं घर जल्दी पहुँचकर उसे चाय बनाकर पिलाऊँ।"

ऊपर के वाक्य को पढ़ो और बताओ कि-

**(क)** क्या तुम चाय बनाना जानते हो? और क्या-क्या बनाना जानते हो?

**(ख)** अगर तुम अपने खाने-पीने की कोई भी चीज बनाना नहीं जानते तो तुम्हें जो चीज सबसे अधिक पसंद हो, उसको बनाना सीखो और उसकी विधि को लिखकर बताओ।

**उत्तर 5:**

**(क)** हाँ, मुझे चाय बनानी आती है।

**(ख)** छात्र अपने पसंद की खाने की चीज को बनाना सीखे तथा उसके बनाने की विधि भी लिखे।

**प्रश्न 6:**

पता करो

नीचे तालिका दी गई है। पता करो कि खाने की उन चीजों में कौन से पोषक तत्व होते हैं। उसे तालिका में लिखो।

| क्रम सं. | खाने की चीजें | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| (क) | पालक | ------------------- |
| (ख) | गाजर | -------------------- |
| (ग) | दूध | -------------------- |
| (घ) | संतरा | -------------------- |
| (घ) | दालें | -------------------- |

**उत्तर 6:**

| क्रम सं. | खाने की चीजें | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| (क) | पालक | आयरन, पोटेशियम, मैग्नेशियम, विटामिन **C**, **B**6 आदि |
| (ख) | गाजर | विटामिन A, बीटा कैरोटीन, विटा.-C, K, फाइबर आदि |
| (ग) | दूध | प्रोटीन, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन, वीटा. A, D, K, E आदि |
| (घ) | संतरा | वीटा. C, A, B, एमिनो एसिड, खनिज एवं लवण आदि |
| (घ) | दालें | प्रोटीन, विटा. B, खनिज एवं लवण |

**प्रश्न 7:**

मुहावरे की बात

नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं जिनमें उपयुक्त मुहावरे भरने से ही वह पूरा हो सकता है। उन्हें पूरा करने के लिए मुहावरे भी दिए गए हैं। तुम सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो।

आग बबूला होना, सकपकाना, दबे पाँव, शामत आना, पीठ ठोकना

**(क)**

चोर .............. घर में घुस आया।

**(क)**

दबे पांव

**(ख)**

देर से आने पर मम्मी .............. गईं।

**(ख)**

आग बबूला

**(ग)**

सरसराहट की आवाज सुनकर अजय .............. ।

**(ग)**

सकपका गया

**(घ)**

ऊधम मचाने पर बच्चों की .............. ।

**(घ)**

शामत आ गई

**(ङ)**

नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की .............. ।

**(ङ)**

पीठ ठोंकी

**प्रश्न 8:**

तुम्हारा स्कूल

तुम्हारे स्कूल में जो गतिविधि कराई जाती हो और वह इस तालिका में हो तो उसके सामने (✓) या (×) का निशान लगाओ।

| क्रम सं. | गतिविधि | ✓ या × |
|---|---|---|
| (क) | नाटक | ---------- |
| (ख) | खेल-कूद | ---------- |
| (ग) | गीत-संगीत | ---------- |
| (घ) | नृत्य | ----------- |
| (घ) | चित्रकला | ----------- |

**उत्तर 8:**

छात्र अपने स्कूल में होने वाले क्रिया-कलापों को तालिका में अंकित करते हुए निशान लगाएँ।